दिनांक 29 मई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

तालाब गहरीकरण एवं वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्य के लिए कल किया जाएगा मंथन, जन सहयोग से कार्य करने हेतु आम व्यक्ति से लेकर उद्योग पतियों तक सभी है आमंत्रित

भिलाईनगर/महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव वाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब संरक्षण की दिशा में खास रूचि ले रहे हैं, जिसमें जनमानस एवं जन सहयोग को भी खास तवज्जो दी जा रही है! जिसके लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत निगमायुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देशन में वाटर हार्वेस्टिंग एवं तालाब गहरीकरण कार्य को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है तथा विभिन्न स्तरों पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें होटल व्यवसाई , विभिन्न प्रतिष्ठान के संचालक, प्रबुद्ध जन, उद्योगपति, इंजीनियर आदि के समक्ष परिचर्चा भी आयोजित की जा चुकी है! वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य में जन सहयोग की अपेक्षा से इनकार नहीं किया जा सकता! वाटर हार्वेस्टिंग के नोडल अधिकारी डी.के. वर्मा ने बताया कि वाटर हार्वेस्टिंग के कार्य को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्थित समस्त शासकीय तालाब का गहरीकरण एवं सफाई कार्य कराया जाना है, जिसके लिए कोई भी संस्था , स्वयं सहायता समूह , संगठन, व्यक्ति, उद्योगपति एवं प्रतिष्ठान संचालक जो इस अच्छे कार्य में सहयोग कर सकते हैं व अपने संसाधन से निशुल्क तालाब की खुदाई निगम के इंजीनियर के मार्गदर्शन में करने को तैयार हो कल निगम सभागार में 4:00 बजे उपस्थित हो सकते हैं! जिसमें कई प्रकार की बातें साझा की जाएंगी जैसे तालाब संरक्षण , गहरीकरण, वाटर हार्वेस्टिंग के लिए मार्गदर्शन सुझाव आदि !

कार्य के लिए इच्छुक समस्त कल निगम सभागार में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर खुला विचार रख सकते हैं एवं अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी वाटर हार्वेस्टिंग डी.के. वर्मा दूरभाष क्रमांक 9302893108 पर संपर्क कर सकते हैं!

जनसम्पर्क अधिकारी

’’जल है तो कल है’’ ’’जल ही जीवन है’’